:: कार्यालय ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश, बस्तर, स्थान–जगदलपुर (छ.ग.) ::

फोन नम्बर–07782–222589, ईमेल पता–bastar.court@nic.in

:: आदेश ::

क्रमांक 126/दो–11–2/2023, जगदलपुर, दिनांक 24 नवंबर, 2023.

इस ज़िला स्थापना के अंतर्गत शीघ्रलेखक (अंग्रेज़ी) के रिक्त एकमात्र पद की भर्ती हेतु दिनांक 18–11–2023 को अयोजित परीक्षा में चयनित निम्नलिखित अभ्यर्थी को उनके द्वारा पदभार ग्रहण किए जाने के दिनांक से 03 वर्षों की परीवीक्षा अवधि के लिए अस्थाई रूप से दर्शित शर्तों के अधीन शीघ्रलेखक (अंग्रेज़ी) के पद पर वेतनमान ₹ 28700–91300, मेट्रिक्स लेवल–7 में नियुक्त किया जाता है :–

क्रमांक	अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम एवं पता	पदनाम	वेतनमान
1.	श्री हिमांशु भुआर्य, आत्मज – श्री चमन राम भुआर्य, निवासी – मकान नं. – 1–2, न्यू पेन्शन बाड़ा, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, रायपुर, छ0 ग0।	शीघ्रलेखक (अंग्रेज़ी)	₹ 28700–91300, मेट्रिक्स लेवल–7

नियुक्ति की शर्तें

1. अभ्यर्थी को नियुक्ति आदेश दिनांक से 15 दिनों के भीतर आवश्यक रूप से अपना पदभार ग्रहण करना होगा। नियत अवधि के भीतर उपस्थित न होने पर नियुक्ति स्वयमेव निरस्त मानी जाएगी।
2. अभ्यर्थी को अपने उपस्थिति प्रतिवेदन के साथ यह नियुक्ति आदेश, शैक्षणिक, तकनीकी, जाति प्रमाण–पत्र एवं मूल–निवास प्रमाण–पत्र की एक–एक प्रति किसी राजपत्रित अधिकारी से अभिप्रमाणित करा कर प्रस्तुत करना होगा।
3. अभ्यर्थी को पदभार ग्रहण करने के पश्चात् आवश्यक रूप से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अथवा ज़िला मेडिकल बोर्ड से अपना स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा। स्वास्थ्य परीक्षण में अनुपयुक्त पाए जाने पर नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
4. नवनियुक्त कर्मचारी बिना अनुमति के आगे की शिक्षा जारी नहीं रख सकेंगे।
5. नवनियुक्त कर्मचारी बिना अनुमति के अन्यत्र नौकरी के लिए आवेदन–पत्र प्रस्तुत नहीं करेंगे।
6. अभ्यर्थी द्वारा दी गयी जानकारी अथवा किसी भी प्रमाण–पत्र के असत्य पाये जाने पर नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
7. पुलिस सत्यापन के पश्चात् यदि उक्त कर्मचारी को किसी आपराधिक प्रकरण में संलग्न पाया गया, तो उनकी सेवाएँ तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाएंगी।
8. यदि कर्मचारी शासकीय सेवा छोड़ना चाहें, तो एक माह की पूर्व सूचना इस कार्यालय को देनी होगी अथवा एक माह का वेतन तथा उस पर देय सभी भत्ते कार्यालय में जमा करने होंगे।

24.11.23

(मनीष कुमार ठाकुर)
जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बस्तर, स्थान–जगदलपुर।

...2

पृ0 कमांक 2028 /दो–11–2/2023, जगदलपुर, दिनांक 25 नवंबर, 2023.

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् रजिस्ट्रार जनरल, माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. श्री हिमांशु भुआर्य, आत्मज – श्री चमन राम भुआर्य, निवासी – मकान नं. – 1–2, न्यू पेन्शन बाड़ा, नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, रायपुर, छ0 ग0 की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ,
3. लेखापाल, कार्यालय ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश, बस्तर, स्थान–जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

24.11.23

जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बस्तर, स्थान–जगदलपुर।

o/c

–:–